रजिस्ट्री सं० डी०-(डी०)-78 REGISTERED NO. D-(D)—78

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 40] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 7, 1978 (आश्विन 15, 1900)
No. 40] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 7, 1978 (ASVINA 15, 1900)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग III—खण्ड 4
PART III—SECTION 4

विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

कृषि ऋण विभाग केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई 400 018, दिनांक 19 सितम्बर 1978

क्रमांक ए० सी० डी०—46/ए० 18—78/9—बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36ए० की उप धारा (2) के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 56 के खंड (Za) के अनुसरण में भारतीय रिजर्व बैंक एतद्द्वारा यह अधिसूचित करता है कि निम्नलिखित सहकारी बैंक उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये सहकारी बैंक नहीं रह गये हैं।

क्र० सं०	प्राथमिक सहकारी बैंक का नाम	राज्य
1	2	3
1.	दि गुजरात स्टेट रोड ट्रान्सपोर्ट कार्पोरेशन कच्छ डिवीजन एम्प्लाईज को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लि० वानियावाट गेट, भुज, कच्छ।	गुजरात
2.	दि गवर्नमेंट स्कूल टीचर्स को-ऑपरेटिव सोसइटी लिमिटेड नं० के० 191 कांगाला।	केरल
3.	मट्टनचेरी को-आपरेटिव सोसाइटी लि० नं० 687, कोचीन-1।	केरल
4.	दी कोट्टायम् डिस्ट्रिक्ट पोस्टस् एण्ड टेलीग्राफस एम्प्लाईज को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड नं० के० 343, कोट्टायम्—1	—वही—
5.	दि यू० पी० सिविल एकाउन्ट्स आफिस स्टाफ को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड कार्यालय महालेखाकार उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।	उत्तर प्रदेश
6.	दि हाई कोर्ट को-आपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, इलाहाबाद	—वही—

के० सुब्बा रेड्डी,
अपर मुख्य अधिकारी

भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान

मद्रास-600034, दिनांक 31 अगस्त 1978

सं० 8 एस० सी० ए० (1)/6/78-79—चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 10(1) खंड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किये प्रेक्टिस प्रमाण-पत्र उनके नाम के आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिये गये हैं क्योंकि वे अपने प्रेक्टिस प्रमाण-पत्रों को रखने के इच्छुक नहीं :—

क्र० सं०	स० सं०	नाम एवं पता	तिथि
1	2	3	4
1.	4703	श्री० पी० एस० सुब्रामनिया अयर, ए० सी० ए० 15, वैन्कटरामन स्ट्रीट सिरिनिवास एवेन्यू मद्रास-600028	1-4-78
2.	7460	श्री० ए० अरजुना पाई, एफ० सी० ए० नं० 4, I क्रास रोड, कस्तूरिबा नगर, अदायार मद्रास-600 020।	31-7-78
3.	8662	श्री० वी० सी० सिरिनिवासा रंगन एफ० सी० ए०, इन्टरनल आडिटर सैन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया 16/17, सैकन्ड लाईन बीच मद्रास-600 001।	19-6-78
4.	10092	श्री० एल० आर० एस० रामामूर्थी ए० सी० ए० आफिसर-फाईनैन्स, तमिलनाडू इन्डस्ट्रियल इन्वैस्टमैन्ट कारपोरेशन लि० 26, वाईटस रोड, मद्रास-600 014	31-7-78
5.	15717	श्री के० प्रभाकारा रैडी, ए० सी० ए० 3-468-3, लक्ष्मिपुरम निलोर।	1-4-78
6.	18546	श्री बाबू गुरु थिरुमलाई सामी, ए० सी० ए० नं० 97, दलवाय स्ट्रीट वादेवीस्वरम, नागरकायल-629 002।	31-7-78
7.	18826	श्री सी० रामाचन्द्रा राव, ए० सी० ए० मकान नं० 81, एम० आई० जी० एच० महदीपतनम, हैदराबाद-500 028।	1-11-77
8.	18830	श्री सोन्दूर अनन्या, ए० सी० ए० नं० 919, माथरू छाया 13 मेन, 4 क्रास हनुमन्थ नगर बेन्गोलोर-560019	31-7-78
9.	19379	श्री टी० एम० उदुभान अलि, ए० सी० ए० रूम नं० 3, सिद्दीकी मैन्शन टैपाकुलम स्ट्रीट, ट्यूटीकरन 628 002।	1-4-78
10.	19489	श्री एस० शिरीफ हुसैन, ए० सी० ए० हाउस नं० V/174, कीज़ातु, कोलैक्टौरेट पो० आ० कोट्टायम-2	31-7-78
11.	19500	श्री एन० एस० सन्करन, ए० सी० ए०, 17-बी० कस्टमस कालोनी बसन्त नगर मद्रास-600 090	31-7-78

सं० 5 एस० सी० ए० (1)/8/78-79—इस संस्थान की अधिसूचना सं० 4 एस० सी० ए० (1)/12/75-76 दिनांक 20 मार्च, 1976 और 4 एस० सी० (1)/8/77-78 दिनांक 13 फरवरी, 1978 के संदर्भ में चार्टर प्राप्त लेखाकार विनियम 1964 के विनियम 18 के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि उक्त विनियमों के विनियम 17 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय चार्टर प्राप्त लेखाकार संस्थान परिषद् ने अपने सदस्यता रजिस्टर में निम्नलिखित सदस्यों का नाम पुन: स्थापित कर दिया है।

क्र० सं०	सदस्यता संख्या	नाम एवं पता	तिथि
1.	5968	श्री के० रामामूर्थी, ए० सी० ए० चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, 57, महदीपतनम, हैदराबाद-500028	5-8-78
2.	7093	श्री एम० कृष्णामूर्थी, ए० सी० ए० रीजनल इन्टरनल आडिटर तान्जानिया काटन अथोरिटी पोस्ट बाक्स 61, म्वान्जा तन्जानिया ईस्ट अफ्रीका।	16-9-78

पी० एस० गोपालाकृष्णन्, सचिव

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 19 सितम्बर 1978

सं० एक्स-11/14/5/78-यो० एवं वि० (2)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम, 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 46(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में, महानिदेशक ने 27 अगस्त, 1978 ऐसी तारीख निश्चित की है जिससे उक्त विनियम 95-क तथा बिहार कर्मचारी राज्य बीमा (चिकित्सा हितलाभ) नियम, 1951 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ बिहार राज्य

सरकार की अधिसूचना सं० 1/बीमा-1-2068/77-एल० एण्ड ई० दिनांक 1-8-1978 में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में बीमाकृत व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किये जाएंगे ।

सं० एक्स-11/14/5/78-(यो० एवं० वि०)—कर्मचारी राज्य बीमा (सामान्य) विनियम 1950 के विनियम 5 के उप विनियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महानिदेशक ने यह निश्चय किया है कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 1 की उपधारा (5) के अन्तर्गत जारी की गई बिहार राज्य सरकार की अधिसूचना सं० 1/बीमा-1-2068/77 एल० एण्ड ई० दिनांक 1 अगस्त, 1978 में उल्लिखित क्षेत्रों में उक्त अधिनियम के उपबन्धों का उसमें दी गई स्थापनाओं पर विस्तार करने के संबंध में 'क', 'ख' तथा 'ग' वर्गों के लिये प्रथम अंशदान एवं प्रथम लाभ अवधियां नियत दिवस 26 अगस्त, 1978 की मध्य रात्रि को बीमा योग्य रोजगार में लगे व्यक्तियों के संबंध में प्रारम्भ व समाप्त होंगी, जैसा कि नीचे सारणी में दिया गया है :—

वर्ग	प्रथम अंशदान अवधि		प्रथम लाभ अवधि	
	जिस मध्य रात्रि को प्रारम्भ होती है।	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है।	जिस मध्य रात्रि को प्रारम्भ होती है	जिस मध्य रात्रि को समाप्त होती है
क	26-8-1978	27-1-1979	26-5-1979	27-10-1979
ख	26-8-1978	31-3-1979	26-5-1979	29-12-1979
ग	26-8-1978	25-11-1978	26-5-1979	25-8-1979

फकीर चन्द, निदेशक (योजना एवं विकास)

भारतीय जीवन बीमा निगम

भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारी-वर्ग) विनियम : 1960 में संशोधन

एफ० III(IV)/51(3)/78—भारतीय जीवन बीमा निगम, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (1956 की 31) की धारा 49 की उप-धारा (2) के खंडों (बी) और (बी० बी०) के अन्तर्गत निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए और केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के साथ, भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारी-वर्ग) विनियम, 1960 में संशोधन करते हुए निम्नलिखित विनियम बनाता है: अर्थात्

(1) ये विनियम भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारी-वर्ग) संशोधन विनियम, 1978 कहलाएंगे ।

(2) भारतीय जीवन बीमा निगम (कर्मचारी-वर्ग) विनियम, 1960 में, अनुसूची II में, भाग 'E' नगर प्रतिपूरक भत्ता में, मद (i) में खंड (सी०) में, और मद (ii) में खंड (सी०) में, अमृतसर शब्द के पश्चात् दोनों खण्डों में "भोपाल" शब्द सम्मिलित कर दिया जाए।

जे० माथन, प्रबन्ध निदेशक

वस्त्र निर्माण समिति

(भारत सरकार, वाणिज्य, नागरी प्रदाय तथा सहकारिता मंत्रालय),

बम्बई-400009, दिनांक 16 सितम्बर 1978

क्रमांक 80(16)/78-ए० डी०—वस्त्रनिर्माण समिति अधिनियम, 1963 ई० की (1963 ई० का 41) धारा 4 की उप-धारा (2) के खंड, (घ) तथा (ङ) के साथ पठित धारा 23 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वस्त्रनिर्माण समिति, केन्द्र सरकार की पूर्वसंमति से, इसके द्वारा निम्न विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम, प्रारंभण तथा प्रयुक्ति :—(1) ये विनियम मिल निर्मित तथा विद्युत करघा (पावरलूम) सूट निर्मित वस्तु (रूमाल) निरीक्षण विनियम, 1978 ई० कहलायें ।

(2) ये उनके सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए जाने के दिनांक से प्रवृत्त होंगे ।

(3) ये निर्यातार्थ मिल निर्मित तथा विद्युत्-करघा (पावरलूम) सूत निर्मित रूमालों को लागू होंगे ।

2. परिभाषाएं :—इन विनियमों में यदि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, तो—

(क) "समिति" का तात्पर्य वस्त्र निर्माण समिति अधिनियम, 1963 ई० की (1963 ई० का 41) धारा 3 के अधीन स्थापित, वस्त्रनिर्माण समिति से है;

(ख) "निरीक्षक" का तात्पर्य माल का निरीक्षण करने के लिये प्रतिनियुक्त व्यक्ति से है;

(ग) "लाट" का तात्पर्य एक खास प्रकार तथा गुण के माल की मात्रा से है;

(घ) "प्रमुख दोष" का तात्पर्य निम्न से है—

(एक) कच्चे माल, काउन्ट, ऐंठन, चमक, रंग, रंगत या धागे के अंतरण या पार्श्वस्थ

सूत के समूहों में फरक के कारण नजर आने वाली धारी;

(दो) दो से अधिक पार्श्वस्थ धागे (तानक या बानक क्रम में)खंडित या छुटे हुए तथा 5 सें० मी० से अधिक दूर तक उसी स्थिति में है;

(तीन) सुस्पष्ट नजर आने वाला तानक या बानक सूत के स्लाब;

(चार) तेल का या अन्य कोई धब्बा जो सुस्पष्ट दिखाई देता हो तथा जिसे धोकर साफ नहीं किया जा सकता;

(पांच) सुस्पष्ट खंडित पैटर्न;

(छः) खराब किनारी,

(सात) बाहरी पदार्थ आमतौर पर रूई के रेशों या रद्दी के बुनत में आने के कारण पड़ी गांठें;

(आठ) सुस्पष्ट दिखाई देने वाला तेल बानक सूत;

(नौ) त्रुटिपूर्ण गोटा लगाना या सीना जो 2.5 सें० मी० तक उसी स्थिति में है;

(दस) धुंधल या गहरा धब्बा;

(ग्यारह) धब्बेदार या धारीदार या आसमान रंगाई;

(बारह) रंग की पट्टी;

(तेरह) छपाई स्क्रीन या रोल के असंरेखण के कारण छपाई दोष;

(चौदह) असमान छपाई या रंगाई जो सुस्पष्ट नजर आती है;

(पंद्रह) विलम्बित धागे के कारण उत्पन्न सुस्पष्ट छपाई दोष;

(सोलह) कपड़े में सिलवट होने के कारण छपाई दोष;

(सत्रह) डाक्टर धब्बा (Doctor's slain) या रेखा;

(अठारह) यूनिट का आकार जो कि स्पष्ट रूप से चौकोर या आयताकार न हो; तथा

(उन्नीस) उसी प्रकार की तथा उसी विस्तार में अन्य कोई त्रुटि;

(ङ) "माल" का तात्पर्य मिल निर्मित या बिजली करघा (पावर लूम) सूत निर्मित रूमाल से है, परंतु इसमें अवमानक माल सम्मिलित नही है;

(च) "गौण दोष" का तात्पर्य ऐसे दृश्य दोष से है जिसे "प्रमुख दोष" या "भारी दोष" की परिभाषा में सम्मिलित नहीं किया गया है;

(छ) "भारी दोष" का तात्पर्य निम्न से है :—

(एक) अपरिष्कृत उलझे सूत तो वस्त्रखंड में आद्योपान्त नजर आते है;

(दो) कुचले जाने के कारण (स्मैश) बुनावट का सुस्पष्ट संविदारण;

(तीन) सुस्पष्ट सुराख, कर्तन या खोंच;

(चार) जहां किनार अपेक्षित है, वहां उसका न होना;

(ज) "अवमानक माल" का तात्पर्य त्रुटिपूर्ण माल से है जिसके अलग अलग प्रत्येक नग या पैकेट पर (उन सब स्थानों पर जहां अन्य छापे लगाए गए हैं) "अवमानक" शब्द पूरा छापा गया है तथा जो किसी संक्षेप या संकेत शब्द में नहीं लिखा गया है ।

3. माल निरीक्षण के लिये प्रस्तुत करना :—(1) निर्माता या यथास्थिति, निर्यातक माल को निरीक्षण के लिये प्रस्तुत करने से पहले, उसमें से ऐसे माल को निकालने के लिये जो अपेक्षित मानक के अनुरूप नहीं है तथा ऐसे ढीले धागों, उलझे सूतों, साफ करने योग्य धब्बों, आदि को सुधारने हेतु जिन्हें सुधारा जा सकता है, माल का स्वयं निरीक्षण करने के लिये उत्तरदायी होगा ।

(2) अबद्ध या पैक किये हुए पूर्व निरीक्षित माल को ऐसी शेड में निरीक्षण के लिये प्रस्तुत किया जायेगा जहां अच्छा प्रकाश हो।

(3) निर्माता या, यथास्थिति, निर्यातक निरीक्षण के लिये ऐसे प्रपत्र में आवेदन करेगा जिसे समिति द्वारा समय समय पर विनिर्दिष्ट किया जायेगा।

4. निरीक्षण निकष :—(1) माल का निरीक्षण निम्न विनिर्देशों तथा दोषों, दोनों के संबंध में किया जाएगा, अर्थात् :—

(एक) विदेशी क्रेता द्वारा अपनी संविदा में अनुबद्ध विनिर्देश विवरणों के बारे में उसकी अपेक्षाओं या संविदा में वाणत गुण के क्रमांक निर्धारित करने वाले विनिर्देश विवरणों के अनुसार माल का निरीक्षण किया जायेगा।

(दो) जहां विनिर्देश विवरण अनुबद्ध नहीं किये गये हैं परंतु निरीक्षण के नमूने के संबंध में संविदा की गई है वहां ऐसे नमूने के आधार पर माल का निरीक्षण किया जायेगा ।

(2) रंजित, छपे हुए या रंगीन बुने कपड़ों के बारे में, धुलाई के बाद रंग के पक्केपन की परीक्षा 1966 के भारतीय मानक 765 (परीक्षा 4) या तत्सम मानक के मुताबिक की जायेगी ।

(3) ऐसे प्रकरण में जहां विदेशी क्रेता नौप्रेषण से पहले अन्य निजी एजेन्सियों को माल के निरीक्षण के लिये नियुक्त करता है, तो निम्न परिस्थितियों में समिति द्वारा माल का पुनर्निरीक्षण नहीं किया जायेगा —

(एक) यदि विदेशी क्रेता द्वारा अपेक्षित गुण मानक समिति द्वारा उल्लिखित न्यूनतम गुण मानक से अधिक कठोर है;

(दो) यदि उक्त निजी एजेन्सी द्वारा अपनाए गए मानक तथा निरीक्षण की पद्धति समिति को स्वीकार्य है ।

(4) ऐसे प्रकरण में जहां विदेशी सरकारी एजेन्सी द्वारा माल खरीदा जा रहा है यदि उस सरकारी एजेन्सी का प्रतिनिधि नौप्रेषण से पहले माल का निरीक्षण करता है तथा माल के गुण से उसका समाधान हो जाता है, तो माल का समिति द्वारा पुनर्निरीक्षण नहीं किया जायेगा यदि इस संबंध में उस प्रतिनिधि द्वारा प्रत्येक परेषित माल के बारे में प्रमाणपत्र समिति के पास प्रस्तुत किया गया है।

5 निरीक्षण के लिये प्रति चयन —(1) जब माल अबद्ध रूप में पेश किया जाता है, तो —

(क) माल के गुण के निरीक्षण के लिये, अर्थात्, बुनाई संबंधी दोषों तथा अन्य दोषों का पता लगाने के लिये निरीक्षक, 'निरीक्षणार्थ' पेश की गई यूनियों की कुल संख्या में से 5% यूनिटें बीच-बीच में से चुनेगा, परन्तु शर्त यह है कि यूनिटें कम से कम 20 और अधिक से अधिक 100 होनी चाहिए

(ख) विस्तृत निरीक्षण के लिये चुनी गई यूनिटों में से 12 यूनिटों की रचनात्मक विवरणों के लिये परीक्षा की जायेगी, अर्थात् प्रति वर्ग इंच धागे लंबाई, चौड़ाई तथा वजन प्रति वजन;

(2) जब माल पैक करके पेश किया जाता है, तो—

(क) निरीक्षण के लिये प्रस्तुत की गई प्रत्येक 5 गांठों, केसों या गत्ताबक्सों या उसके भाग में से निरीक्षक एक-एक गांठ, केस या गत्ताबक्स बीच-बीच में से चुनेगा, परन्तु शर्त यह है कि प्रत्येक लाट में से अधिक से अधिक 50 गांठें या केस अथवा गत्ताबक्स चुने जाएंगे' निरीक्षण के लिये खोली गई गांठों या केसों अथवा गत्ताबक्सों में से, निरीक्षण के लिये प्रस्तुत की गयी यूनिटों की कुल संख्या में से, माल के गुण के निरीक्षण के लिये, अर्थात् बुनाई संबंधी दोषों तथा अन्य दोषों का पता लगाने के लिये निरीक्षक, 5% यूनिटें बीच-बीच में से चुनेगा, परन्तु शर्त यह है कि ये यूनिटें कम से कम 20 और अधिक से अधिक 100 होनी चाहिए।

(ख) विस्तृत निरीक्षण के लिये चुनी गई यूनिटों में से 12 यूनिटों की रचनात्मक विवरणों के लिये परीक्षा की जायेगी, अर्थात् प्रति वर्ग इंच धागे, लम्बाई चौड़ाई तथा वजन प्रति वजन।

6 परीक्षा के लिये नमूने निकालना — प्रत्येक लाट में से प्रयोगशाला परीक्षा के लिये कम से कम 3 यूनिटें नमूने यूनिटों के लिये निकाली जाएंगी।

7 अलग-अलग प्रकार के दोषों पर काले प्वाइंट के निशान लगाया :—भिन्न-भिन्न प्रकार के दोषों पर निम्नरीत्या निशान लगाया जायेगा, अर्थात् —

(एक) गौण दोष के लिये एक काले प्वाइंट का निशान;
(दो) प्रमुख दोष के लिये दो काले प्वाइंट का निशान;
(तीन) भारी दोष के लिये चार काले प्वाइंट के निशान;

8. रद्द करने का निकष :—निम्न किन्हीं कारणों वश विनियम 13 के अधीन प्रमाण पत्र जारी करने हेतु लाट को रद्द किया जायेगा, अर्थात् :—

(क) विस्तृत निरीक्षण के लिये चुने गये नमूने में यदि काले प्वाइंट के निशान की संख्या निम्न-सारणी में दर्शायी गई संख्या से अधिक है :—

सारणी

निरीक्षण के लिये चुनी गई यूनिटों की संख्या	अनुज्ञेय काले निशान प्वाइंट की संख्या।
19 तक	2
20 से 39	4
40 से 59	6
60 से 79	8
80 से 100	10

(ख) यदि रचनात्मक विवरणों के लिये चुनी गई यूनिटों से प्राप्त औसतन यूनिट में (1 इंच/2.54 से० मी०)

(एक प्रतिवर्ग धागे या) (दो) प्रति इंजन या (तीन) लम्बाई या चौड़ाई, विदेशी क्रेता की संविदा में अनुबद्ध विशिष्टियों के विवरणों के या अनुमोदित नमूने के अनुरूप नहीं है;

(ग) यदि संविदा में उल्लिखित किन्हीं अन्य विशिष्टियों के बारे में निष्कर्ष, संविदा की शर्तों के अनुसार अस्वीकार्य है;

(घ) यदि धुलाई के बाद रंग के पक्केपन की परीक्षा के लिये लिया गया नमूना भारतीय मानक संस्था के वर्ग 3 के बराबर या उससे अच्छा नहीं ठहरता।

9. अपील की प्रक्रिया :—विनियम 8 में निर्दिष्ट लाट के निरीक्षक द्वारा रद्द किये जाने की अवस्था में, यदि संबंधित पक्षकारों का निरीक्षण के निष्कर्ष से समाधान नहीं होता है, तो उन्हें अपील करने का अधिकार होगा। ऐसे प्रकरणों में वे सब वरिष्ठ अधिकारी के पास अपील कर सकेंगे जो उस माल का पुनः निरीक्षण करेगा और संबंधित लाट की स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता के बारे में अपना निर्णय देगा। यदि लाट को फिर रद्द किया जाता है तथा यदि पक्षकार अब भी उससे परिवेदित है, तो वे उच्च अधिकारियों के पास अपील कर सकेंगे।

10. अनुज्ञेय छूट :—यह अवधारण करते समय कि क्या माल संविदा में अनुबद्ध या अनुमोदित नमूने की रचना और अन्य विशिष्टियों से मेल खाता है, या नहीं निम्न छूट दी जायेगी, यदि विदेशी क्रेता की संविदा में इससे भिन्न छूटों का उल्लेख न हो, अर्थात् :—

(क) धागे के काऊन्ट : ± 5%

(ख) धागों के प्रति यूनिट लम्बान (1 इंच/2.54 सें० मी०) ± 5%

(ग) वजन प्रति इंजन : —5 तथा + के लिये कोई मर्यादा नहीं।

(घ) लम्बाई तथा चौड़ाई : —0.63 सें० मी०/¼ इंच +1.27 सें० मी० /½ इंच

टिप्पणी :—उपर्युक्त छूट उन सब यूनिटों के औसत निष्कर्षों को लागू की जायेगी जिनका रचना संबंधी अपेक्षाओं को अवधारित करने के लिये वस्तुतः निरीक्षण किया गया है।

11. रचना संबंधी अपेक्षाओं को अवधारित करने के लिये निरीक्षण : रचना संबंधी अपेक्षाओं को अवधारित करते समय, निरीक्षक निम्न बातों को ध्यान में लेगा, अर्थात्—

(क) प्रति यनिट किसी एक स्थान पर लम्बाई चौड़ाई का मोजमाप;

(ख) प्रत्येक यूनिट के बारे में प्रति यूनिट लम्बाई में धागों की संख्या कितनी है, यह निश्चित करन

12. पैक करना तथा सील करना :— लाट का निरीक्षण तथा उसे पास किये जाने के पश्चात् उस पर अपेक्षित मुहर लगायी जायेगी तथा निरीक्षक के सामने भारतीय मानक संस्था के मानकों के अनुसार या, यथास्थिति, समिति द्वारा समय समय पर यथा विहित रीत्या उसकी गांठें बांधी जाएंगी या उसे केसों या गत्ताबक्सों में पैक किया जाएगा तथा इस प्रकार पैक किया गया माल निरीक्षक द्वारा सील किया जाएगा।

13. प्रमाणपत्र : (1) विनिमय 8 के अधीन जिस लाट का निरीक्षण किया गया है तथा जिसे रद्द नहीं किया गया है ऐसे प्रत्येक लाट के बारे म संबंधित पक्षकार को, समिति का अधिकारी जिसे इस निमित्त समिति द्वारा प्राधिकृत किया गया है, प्रमाणपत्र देगा।

(2) जिस माल का समिति द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया है, ऐसे लाट के बारे में माल को निर्यात करने के लिये प्राधिकृत करने वाला प्रमाणपत्र निम्न परिस्थितियों में दिया जायेगा।

(एक) जहां समिति के अतिरिक्त विदेशी क्रेता द्वारा नियुक्त किसी एजेन्सी द्वारा निरीक्षण किया गया है वहां उक्त एजेन्सी द्वारा निरीक्षण के निष्कर्ष समिति को प्रस्तुत किये जाने पर समिति का समाधान हो गया है कि विनियम 4 के उप-नियम (3) की अपेक्षाओं को पूरा किया गया है,

(दो) जहां विदेशी सरकारी एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण किया गया है, वहां उस प्रतिनिधि द्वारा पूर्ण विवरण देते हुए इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है कि वह माल स्वीकार्य दरजे का है।

जी० आर० रेंजू, सचिव,
वस्त्र उद्योग समिति

वस्त्र निर्माण समिति

(भारत सरकार, वाणिज्य, नागरी प्रदाय तथा सहकारिता मंत्रालय)

बम्बई-400009, दिनांक 16 सितम्बर 1978

क्र० सं० 80(16)/78-ए० डी०—वस्त्र निर्माण समिति अधिनियम, 1963 ई० की (1963 ई० का 41) धारा 4 की उप-धारा (2) के खंड (घ) तथा (ङ) के साथ पठित धारा 23 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वस्त्र निर्माण समिति केन्द्र, सरकार की पूर्वसम्मति से, इसके द्वारा निम्न विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम, प्रारंभण तथा प्रयुक्ति : (1) ये विनियम मिल निर्मित तथा विद्युत-करघा (पावरलूम) सूत

निर्मित वस्तु (मेज लिनन, मेजपोश तथा मेजचटाई) निरीक्षण विनियम, 1978 ई० कहलाएं।

(2) ये उनके सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होंगी।

ये निर्यातार्थ मिल निर्मित तथा विद्युत-करघा (पावरलूम) सूत निर्मित मेज लिनन, मेज पोश तथा मेज चटाई को लागू होंगे।

2. परिभाषाएं :—इन विनियमों मे यदि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, तो—

(क) "समिति" का तात्पर्य वस्त्रनिर्माण समिति अधिनियम, 1963 ई० की (1963 ई० का 41)-धारा 3 के अधीन स्थापित, वस्त्र निर्माण समिति से है;

(ख) "निरीक्षक" का तात्पर्य माल का निरीक्षण करने के लिये प्रतिनियुक्ति व्यक्ति से है;

(ग) "लाट" का तात्पर्य एक खास प्रकार तथा गुण के माल की मात्रा से है।

(घ) "प्रमुख दोष" का तात्पर्य निम्न से है :—

(एक) वस्त्रखण्ड की चौड़ाई में 2 से अधिक आड़े बानक सूतों के छूट जाने से भरनी में अन्तराल;

(दो) कच्चे माल, काउन्ट, ऐंठन, चमक, रंग, रंगत में या बानक सूत के अंतरण मे फरक के कारण सुस्पष्ट नजर आने वाली भरनी की धारी जोकि बानक सूत के पार्श्वस्थ समूह में पायी जाये।

(तीन) टेबल की चटाई के बारे में दो से अधिक पार्श्वस्थ तानक सूत समांतर, खंडित या छूटे हुए हैं तथा 15 सें० मी०/5.91 इंच तथा 7.5 सें० मी० /2.95 इंच से अधिक दूर तक उसी स्थिति में है;

(चार) सुस्पष्ट कोर त्रुटि;

(पांच) सुस्पष्ट नजर आते वाला तानक या बानक सूत का अभाव;

(छः) तैल का या अन्य कोई धब्बा जो सुस्पष्ट दिखाई देता हो तथा जिसे धोकर साफ नहीं किया जा सकता;

(सात) सुस्पष्ट दिखाई देने वाला तेल बानक-सूत;

(आठ) सुस्पष्ट दिखाई देने वाली पतली पूनियां या फूलीदार बानक सूत;

(नौ) सुस्पष्ट अंकित पैटर्न;

(दस) खराब किनारी;

(ग्यारह) बाहरी पदार्थ आमतौर पर रूई के रेशों या रद्दी के बुनत में आने के कारण पड़ी गांठें :

(बारह) त्रुटिपूर्ण गोटा लगाना या सीना जो 2.5 सें० मी० तक उसी स्थिति में है;

(तेरह) धुंधला या गहरा धब्बा;

(चौदह) धब्बेदार या धारीदार या असमान रंगाई;

(पंद्रह) रंग की पट्टी;

(सोलह) छपाई स्क्रीन या रोल के असंरेखण के कारण छपाई दोष;

(सत्रह) असमान छपाई या रंगाई;

(अठारह) विलम्बित धागे के कारण उत्पन्न सुस्पष्ट छपाई दोष;

(उन्नीस) कपड़े में सिलवट होने के कारण छपाई दोष;

(बीस) खास कर के किनार की चुनट के कारण किनार की खराब छपाई या रंगाई;

(इक्कीस) डाक्टर धब्बा (Doctor's Stain) या रेखा; तथा

(बाईस) उसी प्रकार की तथा उसी विस्तार में अन्य कोई त्रुटि ;

(ङ) "माल" का तात्पर्य मिल निर्मित या बिजली-करघा (पावर-लूम) सूत निर्मित मेज लिनन, मेजपोश या मेज की चटाई से है, परंतु इसमें अवमानक माल सम्मिलित नहीं है;

(च) "भारी दोष" का तात्पर्य निम्न से है :—

(एक) एक से अधिक पार्श्ववर्ती तानक सूतों का छूटना तथा आद्योपान्त उसी स्थिति में होना या एक स्थान पर तीन से अधिक तानक सूतों का छूटना तथा 60 सें० मी०/23.62 इंच तक उसी स्थिति में होना या वस्त्रखंड में आद्योपान्त स्पष्ट नजर आने वाले दोहरे तानक सूत;

(दो) अपरिष्कृत उलझे सूत जो वस्त्रखण्ड में आद्योपान्त नजर आते हैं;

(तीन) कुचले जाने के कारण (स्मैश) बुनावट का सुस्पष्ट संविदारण;

(चार) सुस्पष्ट सुराख, कर्तन या खोंच;

(पांच) वस्त्रखण्ड में आद्योपान्त त्रुटिपूर्ण या क्षतिग्रस्त किनारा;

(छः) जहां किनार अपेक्षित हो वहा उसका न होना;

(छ) "अवमानक माल" का तात्पर्य त्रुटिपूर्ण माल से है जिसके अलग अलग प्रत्येक नग या पैकेट पर (उन सब स्थानों पर जहां अन्य छापे लगाए गए हैं) 'अवमानक' शब्द पूरा छापा गया है तथा जो किसी संक्षेप या संकेत शब्द में नहीं लिखा गया है।

3. माल निरीक्षण के लिये प्रस्तुत करना : (1) निर्माता या, यथास्थिति, निर्यातक, माल को निरीक्षण के लिये प्रस्तुत करने से पहले, उसमें से ऐसे माल को निकालने के लिये जो अपेक्षित मानक के अनुरूप नहीं है तथा ऐसे ढीले धागों, उलझे सूतों, साफ करने योग्य धब्बों, आदि को सुधारने हेतु जिन्हें सुधारा जा सकता है, माल का स्वयं निरीक्षण करने के लिये उत्तरदायी होगा ।

(2) अबद्ध या पैक किए हुए पूर्व—निरीक्षित माल को ऐसी शेड में निरीक्षण के लिये प्रस्तुत किया जाएगा जहां अच्छा प्रकाश हो।

(3) निर्माता या, यथास्थिति, निर्यातक निरीक्षण के लिये ऐसे प्रपत्र में आवेदन करेगा जिसे समिति द्वारा समय समय पर विनिर्दिष्ट किया जायेगा ।

4. निरीक्षण निकष :—(1) माल का निरीक्षण निम्न विनिर्देशों तथा दोषों; दोनों के संबंध में किया जायेगा, अर्थात् :—

(एक) विदेशी क्रेता द्वारा अपनी संविदा में अनुबद्ध विनिर्देश विवरणों के बारे में उसकी अपेक्षाओं या संविदा में वर्णित गुण के क्रमांक को निर्धारित करने वाले विनिर्देश विवरणों के अनुसार माल का निरीक्षण किया जाएगा।

(दो) जहां विनिर्देश विवरण अनुबद्ध नहीं किये गये हैं परंतु नौप्रेषण के नमूने के संदर्भ में संविदा की गई है वहां ऐसे नमूने के आधार पर माल का निरीक्षण किया जाएगा।

(दो) रंजित, छपे हुए या रंगीन बुने कपड़ों के बारे में, धुलाई के बाद रंग के पक्केपन की परीक्षा 1966 के भारतीय मानक 765 (परीक्षा 4) या तत्सम मानक के मुताबिक की जायेगी।

(तीन) ऐसे प्रकरण में जहां विदेशी क्रेता नौप्रेषण से पहले अन्य निजी एजेन्सियों को माल के निरीक्षण के लिये नियुक्त करता है, तो निम्न परिस्थितियों में समिति द्वारा माल का पुनर्निरीक्षण नहीं किया जायेगा—

(एक) यदि विदेशी क्रेता द्वारा अपेक्षित गुण मानक समिति द्वारा उल्लिखित न्यूनतम गुण मानक से अधिक कठोर है;

(दो) यदि उक्त निजी एजेन्सी द्वारा अपनाए गए मानक तथा निरीक्षण की पद्धति समिति को स्वीकार्य है।

(4) ऐसे प्रकरण में जहां विदेशी सरकारी एजेन्सी द्वारा माल खरीदा जा रहा है यदि उस सरकारी एजेन्सी का प्रतिनिधि नौप्रेषण से पहले माल का निरीक्षण करता है तथा माल के गुण से उसका समाधान हो जाता है, तो माल का समिति द्वारा पुनर्निरीक्षण नही किया जाएगा यदि इस संबंध में उस प्रतिनिधि द्वारा प्रत्येक परेषित माल के बारे में प्रमाणपत्र समिति के पास प्रस्तुत किया गया है।

5. निरीक्षण के लिये प्रतिचयन : (1) जब माल अबद्ध नगों में पेश किया जाता है, तो—

(क) माल के गुण के निरीक्षण के लिये, अर्थात्, बुनाई संबंधी दोषों तथा अन्य दोषों का पता लगाने के लिये निरीक्षक, निरीक्षणार्थ पेश की गई पूनियों की कुल संख्या में से 5 टक्के यूनिटें बीचबीच में से चुनेगा, परंतु शर्त यह है कि ये यूनिटें कम से कम 20 और अधिक से अधिक 100 होनी चाहिए;

(ख) विस्तृत निरीक्षण के लिये चुनी गई यूनिटों में से 10 यूनिटों के रचनात्मक विवरणों के लिये परीक्षा की जायेगी अर्थात् प्रति यूनिट लम्बान में तानक सूत तथा बानक सूत लम्बाई, चौड़ाई तथा वजन प्रति वस्त्रखण्ड।

(2) जब माल पैक करके पेश किया जाता है, तो—

(क) निरीक्षण के लिये प्रस्तुत की गई प्रत्येक 5 गांठों, केसों या गत्ताबक्सों या उसके भाग में से निरीक्षक एक एक गांठ, केस या गत्ताबक्स बीच बीच में से चुनेगा, परन्तु शर्त यह है कि प्रत्येक लाट में से अधिक से अधिक 5 गांठों या केस अथवा गत्ताबक्स चुने जाएंगे;

(ख) निरीक्षण के लिये खोली गई गांठों या केसों अथवा गत्ताबक्सों में से, निरीक्षण के लिये प्रस्तुत की गई यूनिटों की कुल संख्या में से, माल के गुण के निरीक्षण के लिये, अर्थात् बुनाई संबंधी दोषों तथा अन्य दोषों का पता लगाने के लिये निरीक्षक, 5 टक्के यूनिटें बीच बीच में से चुनेगा, परन्तु शर्त यह है कि ये यूनिटें कम से कम 20 और अधिक से अधिक 100 होनी चाहिए;

(ग) विस्तृत निरीक्षण के लिये चुनी गई यूनिटों में से 10 यूनिटों के रचनात्मक विवरणों के लिये परीक्षा की जायेगी, अर्थात् प्रति यूनिट लम्बान में तानक सूत तथा बानक सूत, लम्बाई, चौड़ाई तथा वजन प्रति वस्त्र खण्ड।

6. परीक्षा के लिये नमूने निकालना :—एक यूनिट का कम से कम एक नमूना तथा प्रति यूनिट का आकार एक मीटर से कम है, तो यूनिटों की ऐसी संख्या जो कम से कम

प्रत्येक लाट में 0.1 मीटर के बराबर होगी, प्रयोगशाला में परीक्षा के लिये ली जायेगी।

7. रद्द करने का निष्कर्ष :—निम्न किन्हीं कारणों वश विनियम 12 के अधीन प्रमाणपत्र जारी करने हेतु लाट को रद्द किया जाएगा, अर्थात् —

(क) यदि विस्तृत निरीक्षण के लिये चुने गए नमूने में प्रमुख दोषों की संख्या निम्न सारणी के स्तम्भ 2 या, यथास्थिति, 3 में बताई गई संख्या से अधिक है :—

सारणी

निरीक्षण के लिये चुनी गई यूनिटों की संख्या	अनुज्ञेय प्रमुख दोषों की सं०	
	यूनिट का आकार 1 वर्ग मीटर से अधिक	यूनिट का आकार 1 वर्ग मीटर या उससे कम
9 तक	1	–
10 से 19 तक	2	1
20 से 29 तक	3	2
30 से 39 तक	4	3
40 से 49 तक	5	4
50 से 59 तक	7	4
60 से 69 तक	8	5
70 से 79 तक	9	6
80 से 89 तक	10	7
90 से 100 तक	12	8

(ख) यदि नमूने में एक से अधिक भारी दोष है : परन्तु यदि चुने गए नमूने में एक ही भारी दोष नजर आता है, तो उसी आकार का दूसरा नमूना निकाला जाएगा और उसका सिर्फ भारी दोषों का पता लगाने के लिये निरीक्षण किया जाएगा और यदि दूसरे नमूने में दूसरा भारी दोष नजर आता है तो उस लाट को रद्द कर दिया जायेगा;

(ग) यदि काऊन्ट, रचना या आकार के विवरणों हेतु चुने गये और परीक्षित नमूने के औसत निष्कर्ष अस्वीकार्य हैं;

(घ) यदि संविदा में उल्लिखित किन्हीं अन्य विशिष्टियों के बारे में निष्कर्ष संविदा की शर्तों के अनुसार अस्वीकार्य है;

(ङ) यदि जिस नमूने का निरीक्षण किया गया उसमें अनेक छोटे मोटे दोष विद्यमान है जिसके कारण वह माल देखने में घटिया या खराब नजर आता

(च) यदि धुलाई के बाद रंग के धब्बेपन की परीक्षा के लिये लिया गया नमूना भारतीय मानक संस्था के वर्ग 2 के बराबर या उससे अच्छा नहीं ठहरता।

8. अपील की प्रक्रिया :—विनियम 7 में निर्दिष्ट लाट के निरीक्षक द्वारा रद्द किये जाने की अवस्था में, यदि संबंधित पक्षकारों का निरीक्षण के निष्कर्ष से समाधान नहीं होता है, तो उन्हें अपील करने का अधिकार होगा, ऐसे प्रकरणों में वे सद्य वरिष्ठ अधिकारी के पास अपील कर सकेंगे जो उस माल का पुनः निरीक्षण करेगा और संबंधित लाट की स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता के बारे में अपना निर्णय देगा। यदि लाट को फिर रद्द किया जाता है तथा यदि पक्षकार अब भी उससे परिवेदित है, तो वे उच्च अधिकारियों के पास अपील कर सकेंगे।

9. अनुज्ञेय छूट—यह अवधारण करते समय कि क्या माल संविदा में अनुबद्ध या अनुमोदित नमूने की रचना और अन्य विशिष्टियों से मेल खाता है या नहीं, निम्न छूट दी जायेगी, यदि विदेशी क्रेता की संविदा में इससे भिन्न छूटों का उल्लेख न हो, अर्थात्—

(क) धागे के काऊन्ट : ±1 काऊन्ट, 20 काऊन्टों में जिसमें 20वां काऊन्ट भी सम्मिलित होगा, ±5%, 20 से अधिक काऊन्ट में

(ख) प्रति यूनिट लम्बान : (1 इंच/2.54 सें० मी०) में : 5% तानक-सूत तथा बानक-सूत।

(ग) वजन : —5% तथा + के लिये कोई मर्यादा नहीं

(घ) आकार—

(एक) टेबल लिनन या मेजपोशों के लिये : $1\frac{1}{2}$% तथा + के लिये कोई मर्यादा नहीं।

(दो) टेबल चटाइयों के लिये : —2% तथा + के लिये कोई मर्यादा नहीं :

टिप्पणी :—उपर्युक्त छूट उन सब यूनिटों के औसत निष्कर्षों को लागू की जायेगी जिनका रचना संबंधी अपेक्षाओं को अवधारित करने के लिये वस्तुतः निरीक्षण किया गया है।

10. रचना संबंधी अपेक्षाओं को अवधारित करने के लिये निरीक्षण :—रचना संबंधी अपेक्षाओं को अवधारित करते समय प्रति औरस यूनिट की लम्बाई चौड़ाई तथा धागों या प्रति यूनिट लम्बाई में तानक सूतों तथा बानक सूतों को प्रत्येक यूनिट में किसी एक स्थान पर निरीक्षक द्वारा मापा जाएगा।

11. पैक करना तथा सील करना :—लाट का निरीक्षण तथा उसे पास किये जाने के पश्चात उस पर अपेक्षित मुहर लगाई जायेगी तथा निरीक्षक के सामने भारतीय मानक संस्था के मानकों के अनुसार या, यथास्थिति, समिति द्वारा समय समय पर यथा विहित रीत्या, उसकी गांठें बांधी

जायेगी या उसे केसों या गत्ताबक्सों में पैक किया जाएगा। इस प्रकार पैक किया गया माल निरीक्षक द्वारा सील किया जाएगा।

12 प्रमाणपत्र :—(1) विनियम 7 के अधीन जिस लाट का निरीक्षण किया गया है तथा जिसे रद्द नहीं किया गया है ऐसे प्रत्येक लाट के बारे में संबंधित पक्षकार को, वस्त्र निर्माण समिति का अधिकार जिसे इस निमित्त समिति द्वारा प्राधिकृत किया गया है, प्रमाणपत्र देगा।

(2) जिस लाट का समिति द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया है ऐसे लाट के बारे में माल को निर्यात करने के लिये प्राधिकृत करने वाला प्रमाणपत्र निम्न परिस्थितियों में दिया जाएगा

(एक) जहां समिति के अतिरिक्त विदेशी क्रेता द्वारा नियुक्त किसी एजेन्सी द्वारा निरीक्षण किया गया है वहां उक्त एजेन्सी द्वारा निरीक्षण के निष्कर्ष समिति को प्रस्तुत किये जाने पर समिति का समाधान हो गया है कि विनियम 4 के उप विनियम (3) की अपेक्षाओं को पूरा किया गया है।

(दो) जहां विदेशी सरकारी एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण किया गया है वहां उस प्रतिनिधि द्वारा पूर्ण विवरण देते हुए इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया है कि वह माल स्वीकार्य दरजे का है।

जी० आर० रेंज, सचिव

RESERVE BANK OF INDIA

AGRICULTURAL CREDIT DEPARTMENT

CENTRAL OFFICE

Bombay-400018, the 19 September 1978

No. ACD 46 A. 18-78/9.—In pursuance of sub-section (2) of section 36A read with clause (za) of section 56 of the Banking Regulation Act, 1949, the Reserve Bank of India hereby notifies that the following co-operative banks have ceased to be co-operative banks within the meaning of the said Act:

Sr. No.	Name of the primary co-operative Bank	State
1.	Shree Gujarat State Road Transport Corporation Kutch Division Employees' Co-operative Credit Society Ltd. Vaniavad Gate, Bhuj, Kutch	Gujarat
2.	The Government School Teachers Co-operative Society Ltd. No. K. 191, Kangazha	Kerala
3.	Mattancherry Co-operative Society Ltd. No. 687, Cochin-1	-Do-
4.	The Kottayam District Posts & Telegraphs Employees Co-operative Society Ltd. No. K. 343, Kottayam-1	-Do-
5.	The U. P. Civil Accounts, Office Staff Co-operative credit Society Ltd. Accountant General Office, Uttar Pradesh, Allahabad	Uttar Pradesh
6.	The High Court-Co-operative Society Ltd. Allahabad	-Do-

K. SUBBA REDDY, Additional Chief Officer

STATE BANK OF INDIA

CENTRAL OFFICE

Bombay, the 23rd September 1978

CORRIGENDUM

In the Notice pertaining to State Bank of India published on page 1456 in the Gazette of India, Part III—Section 4, week-ending the 26th August 1978, the year appearing in the last line is rectified as follows :—

For : '1971'
Read : '1981'

Sd. ILLEGIBLE
Managing Director

THE INSTITUTE OF CHARTERED ACCOUNTANTS OF INDIA

Madras-600034, the 31st August 1978

